इटावा पुलिस

सराहनीय कार्य

प्रेस नोट- दिनांक 11.06.2026

- **हत्या की घटना का त्वरित अनावरण।**
- **मात्र 12 घण्टे के अन्दर इटावा पुलिस द्वारा हत्या करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, आलाकत्ल ईंट ,01 लोहे का हंसिया, 01 लकडी का डण्डा किया गया बरामद।**

अपर महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा श्री श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई श्री कुशलपाल के नेतृत्व में थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 10.06.2026 को वादिनी सरला देवी पत्नी रामसेवक निवासिनी ग्राम अधियापुर थाना वैदपुरा जनपद इटावा द्वारा थाना वैदपुरा पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि वादिनी का पुत्र सुशील नशे में घर आकर बडे पुत्र शिवशंकर के बच्चों के साथ मारपीट करने लगा जिसके बाद शिवशंकर ने सुशील के साथ मारपीट की और ईंट से उसके सिर पर वार कर दिया जिससे सुशील की मृत्यु हो गयी।

जिसके सम्बन्ध में थाना वैदपुरा पर **मु0अ0सं0 49/2026 धारा 103(1) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 11.06.2026 को थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मु0अ0सं0 49/2026 से संबंधित अभियुक्त शिवशंकर को झिगरूआ रेलवे पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. शिवशंकर पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम अधियापुर थाना वैदपुरा जनपद इटावा **उम्र करीब 46 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोग:-

मु0अ0सं0 49/2026 धारा 103(1) बीएनएस थाना वैदपुरा जनपद इटावा।

बरामदगी:-

1. 01 लोहे का हंसिया
2. 01 लकडी का डण्डा
3. ईंट का टुकडा **(आलाकत्ल)**

पुलिस टीम:- थानाध्यक्ष श्री नागेन्द्र सिंह थाना वैदपुरा, उ0नि0 मोहन सिंह, का0 विपिन कुमार,का0 नितिन कुमार, का0 चालक जोनी कुमार।


ETAWAH POLICE
आप कैमरे की